## शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित

**कोटा**, (निसं)। लायन्स क्लब कोटा में शिक्षक दिवस सम्मान समारोह एवं संभागीय अध्यक्ष की अधिकारिक यात्रा का आयोजन किया गया। क्लब के सचिव पुरूषोत्तम पालीवाल ने बताया कि शिक्षक दिवस पर क्लब की ओर से प्रशस्ति पत्र,श्रीफल व शॉल भेंट कर 11 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। संभागीय अध्यक्ष निशा धूत ने क्लब की गतिविधियों का अवलोकन किया गया एवं उनकी प्रशंसा की। कार्यक्रम का संचालन एमजेएफ अशोक नुवाल व सुधाकर बहेड़िया ने किया। सभा में सचिव पालिवाल ने जुलाई व अगस्त माह के कार्यो का ब्यौरा पेश किया। सदस्य अरूण व मंजू तुलसीयान ने गीता का पठन कर गीता पढ़ने के लाभों को मंच से बताया। इस अवसर पर क्लब के सितम्बर माह के जन्मे सदस्यों को भी सम्मानित किया गया । स्वागत भाषण में अध्यक्ष जुगल किशोर सोनी ने कहा कि गुरू का जीवन में बहुत महत्व होता है गुरू ही हमें सही राह दिखा सकता है बिना गुरू के हमे रास्ता तो मिल सकता है परन्तु मंजिल हमें गुरू के दिखाए रास्ते से ही मिलती है। संभागीय अध्यक्ष लायन निशा धूत ने शिक्षक कर्तव्य व कार्यो के बारे में विस्तार से बताया ।

# कोटा का अदालत परिसर भी हेरिटेज लुक में आएगा नजर

**कोटा**, (निसं)। कोटा का अदालत परिसर भी अब जल्दी हेरिटेज लुक में नजर आएगा यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल के निर्देशन में अदालत परिसर में अभिभाषक परिषद कोटा द्वारा की गई मांग के मुताबिक कार्य नगर विकास न्यास द्वारा शुरू कर दिए गए हैं अभिभाषक परिषद के अध्यक्ष प्रमोद शर्मा ने बताया कि हाल ही में नवगठित कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल को अभिभाषक परिषद द्वारा परिसर में मौजूद समस्याओं से अवगत करवाया गया था जिसके बाद उन्होंने तुरंत ही परिसर का अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर अदालत परिसर में होने वाले कार्यों की डीपीआर तैयार करवा कर कार्य शुरू करने के निर्देश जारी कर दिए जिससे सभी अभिभाषक को में उत्साह का माहौल है काफी लंबे अरसे बाद अभी भाषा को लंबे वक्त तक राहत प्रदान करने वाले कार्य करवाए जा रहे हैं। सर्दी, गर्मी, बरसात में वकीलों को बैठने एवं अन्य समस्याओं के चलते होने वाली परेशानियों से जल्द निजात मिलने जा रही है।

न्यास सचिव राजेश जोशी ने बताया कि यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल के निर्देशन में अदालत परिसर में आरसीसी से निर्मित विशाल हॉल का निर्माण करवाया जाएगा जिसके पिल्लर बंशी पहाड़पुर पत्थर पर कलात्मक कार्य से आकर्षक होंगे, हेरिटेज लुक में दिखाई देंगे हॉल को हैरिटेज लुक देने के लिए मेहराब सहित अन्य कलात्मक कार्य करवाया जाएगा इसके परिसर में मौजूद सभागा, लाइब्रेरी, सचिवालय सहित अन्य भवनों का रिनोवेशन का कार्य भी किया जाएगा यही नहीं परिसर में बरसात के दिनों में जलभराव की समस्या से भी मुक्ति मिल जाएगी सीवरेज लाइन का कार्य, जनसुविधाओं के कार्य भी प्रोजेक्ट के तहत किये जाएगे।



कोटा की अदालत परिसर को हैरिटेज लुक दिया जाएगा।

## सड़कों का मरम्मत कार्य जारी

**कोटा**, (निसं)। अनन्त चतुर्दशी के मौके पर कोटा में निकलने वाले भव्य जुलूस मार्ग की सभी सड़कें, छाया, पानी प्रतिमाओं के विसर्जन स्थल सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरुस्त किए जाने के नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल के निर्देश के बाद लगातार जुलूस मार्ग एवं शहर के अन्य क्षेत्रों में सड़कों की मरम्मत का काम व्यापक स्तर पर जारी है।

यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल ने कोटा दौरे के 1 सितंबर को प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक लेकर विशेष निर्देश दिए थे वही मंत्री धारीवाल लगातार जुलूस मार्ग एवं अन्य क्षेत्रों में सड़कों की मरम्मत सहित अन्य कार्यों को लेकर अधिकारियों से लगातार फीडबैक लेकर विशेष निर्देश दे रहे हैं। 8 सितंबर को मंत्री धारीवाल अनन्त चतुर्दशी से पूर्व जुलूस मार्ग का निरीक्षण करेंगे। मंत्री धारीवाल के निर्देश के बाद गुमानपुरा से बारहद्वारी तक सड़कों का पैच वर्क लगभग पूरा हो चुका है वहीं नए कोटा क्षेत्र में भी लगातार सड़कों की मरम्मत का कार्य जारी है। बारिश के मौसम के तुरंत बाद बारिश एवं सीवरेज कार्य से क्षतिग्रस्त हुई सड़कों का कार्य 180 करोड़ के बजट से किया जाना प्रस्तावित है।

## सार-समाचार

### ठाकुर जी को लगेगा मक्खन का भोग

**कोटा**, (निसं)। शुद्धाद्वेत प्रथम पीठ श्री मथुराधीश मंदिर पर बुधवार को दान एकादशी मनाई जाएगी। प्रथम पीठ युवराज बावा मिलन कुमार गोस्वामी ने बताया कि दान एकादशी पर ठाकुर जी को दूध, दही और मक्खन का भोग लगाया जाएगा। यह क्रम लगातार अगले 15 दिन तक चलेगा। उसके महादान एकादशी मनाई जाएगी। जिसमें ठाकुर जी को बड़ा भोग लगता है। उन्होंने बताया कि वल्लभ संप्रदाय में ऐसी मान्यता है कि ठाकुर जी के जन्म के बाद वे गोपियों से माखन का दान मांगते हैं। वहीं वे दान देते भी हैं। इस दौरान मुकुट का शृंगार भी किया जाएगा।

### अंशु सैनी का मिला कोटा रत्न

**कोटा**, (निसं)। आरकेपुरम परमार्थ सेवा समिति की ओर से आरकेपुरम निवासी समाजसेवी सुमंगलम ग्रुप के चेयरमैन ईश्वर लाल सैनी की पुत्रवधू अंशु सैनी को कोटा रत्न से सम्मानित किया गया है। अंशु सैनी ने 28 अगस्त 2022 को साउथ अफ्रीका में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय अल्ट्रा मैराथन कामरेड प्रतियोगिता में भारत मे तीसरा स्थान प्राप्त किया है। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष रेणु गौड़, वरिष्ठ उपाध्यक्ष योगेश विजय, सचिव उर्मिला व्यास, कोषाध्यक्ष महावीर जैन, सदस्यगणों में जगदीश गौतम, विमल शर्मा, पृथ्वीराज गोचर, एस के ओझा, भंवरलाल गोचर, राम सेन, मनोज गर्ग, सुनिता विजय उपस्थित रहे।

### बैठक 13 सितम्बर को

**कोटा**, (निसं)। जनाधार में नाम, जन्मतिथि, आयु, लिंग एवं परिवार की श्रेणी, जाति में एक से अधिक बार परिवर्तन के लिए अपीलार्थियों के दस्तावेजों के सत्यापन एवं सत्यापन पश्चात् ऑनालाईन अपडेशन के लिए जिला कलक्टर ओपी बुनकर की अध्यक्षता में मंगलवार 13 सितम्बर को सांय 4 बजे टैगोर हॉल में बैठक आयोजित की जायेगी।

## प्रतियोगिता आयोजित

**रामगंजमंडी**, (निसं)। श्री वीर जैन सोशल ग्रुप रामगंजमंडी ने मोड़क दिगंबर जैन मंदिर में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित की। आयोजन के पुरुस्कार श्री वीर जैन सोशल ग्रुप द्वारा प्रदान किये गए। कार्यक्रम का संचालन मैना दुगेरिया ने किया। इस आयोजन में 8 महिलाओं व 22 बच्चों ने भाग लिया। महिलाओं ने सीता की नाटिका के द्वारा कर्म सिद्धान्त को समझाया। अन्त में समूह की और से पंकज सुरलाया ने सभी का आभार जताया। उन्होंने कहा इस समूह में मोड़क ग्राम के 5 रत्न है जो समूह में अपनी अनुकरणीय सेवा प्रदान करते है।

## संगीतमय प्रश्नमंच में झूमे भक्त

**रामगंजमंडी**, (निसं)। पर्यूषण पर्व के छठे दिन हाटपिपलिया से आई रुचि टोंग्या ने अपनी स्वर भक्तिमय भजनों से मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होनें भजनों के माध्यम से तीर्थकर, महापुरुषों, सन्तों के प्रश्नों को पूछा इससे सभी को जानकारी भी हासिल हुई। इस आयोजन में राजकुमार गंगवाल, शोभित जैन का विशेष सहयोग रहा ।

# उपहार योजना में लॉटरी से किसानों का चयन

**कोटा**, (निसं)। कृषि उपज मंडी समितियों में कृषि उपज को ई-नाम पोर्टल पर बेचने तथा ई-पेमेन्ट के माध्यम से भुगतान प्राप्त करने वाले किसानों के चयन के लिए किसान उपहार योजना के तहत लॉटरी मंगलवार को अतिरिक्त कलक्टर प्रशासन राजकुमार सिंह की अध्यक्षता में कृषि उपजमंडी के अधिकारियों एवं किसान संघों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में निकाली गई।

संयुक्त निदेशक कृषि विपणन विभाग हरिचरण मिश्रा ने बताया कि सरकार द्वारा ई-नाम पोर्टल के माध्यम से कृषि उपज मंडी समितियों में कृषि उपज बेचने एवं ई-पैमेंट के माध्यम से भुगतान प्राप्त करने वाले किसानों के प्रोत्साहन के लिए ईनाम राशि का भुगतान लॉटरी के माध्यम से किया जाता है। उन्होंने बताया कि कोटा खण्ड में 6 जिलों की 20 कृषि उपज मंडी समितियों में 1 जनवरी से 30 जून तक 4 लाख 83 हजार 483 किसानों के कूपन जारी किए गए जिन्हें सूचना विज्ञान प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा तैयार सॉफ्टवेयर के माध्यम से कम्प्यूटराइज कर ऑनलाईन लॉटरी निकाली जाती है। उन्होंने बताया कि प्रोत्साहन के लिए खण्ड स्तर पर किसानों को प्रथम पुरस्कार राशि 50 हजार, द्वितीय को 30 हजार तथा तृतीय स्थान पर रहने वाले को 20 हजार रूपये पुरस्कार के रूप में प्रदान किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि मण्डी स्तर पर लॉटरी निकालकर किसानों को पुरस्कार प्रदान कर दिए गए हैं। देई मण्डी समिति उपज विक्रय करने वाले किसान जगदीश सिंह को प्रथम पुरस्कार, बून्दी मंडी समिति में उपज विक्रय करने वाले रामकुमार को द्वितीय तथा बून्दी मंडी समिति के ही संतोष का तृतीय पुरस्कार के रूप में लॉटरी द्वारा चयन किया गया।

इस अवसर पर जिला सूचना विज्ञान अधिकारी मुकेश झा, अतिरिक्त जिला सूचना विज्ञान अधिकारी दीपक भाटिया, कृषि उपज मंडी समिति कोटा के जवाहर लाल नागर, बून्दी के मोहनलाल जाट, इटावा के पवन भास्कर, मुकुट बिहारी यादव, भा. किसान संघ के नरेन्द्र यादव सहित किसान संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## नेत्रदान संकल्प शिविर आयोजित

**कोटा**, (निसं)। श्रीनाथपुरम निवासी राजकुमार गुप्ता सीएडी सर्किल स्थित एसबीआई बैंक में सीनियर एसोसिएट के पद पर कार्यरत थे। बीते दिनों उनकी सेवानिवृत्ति हुई जिसके अवसर में उन्होंने परिवार, मित्रों और क़रीबी रिश्तेदारों के लिये सहभोज का आयोजन किया था।

राजकुमार की पत्नी अर्चना माहेश्वरी काफी समय से सामाजिक कार्यों से जुड़ी हुई हैं, इसलिए उन्होंने अपने पति और बेटे विनीत से सहभोज कार्यक्रम में नेत्रदान संकल्प शिविर आयोजित करने का विचार रखा।

जिससे जो भी व्यक्ति नेत्रदान का संकल्प लेना चाहता हो वह अपनी स्वेच्छा से ले सके। परिवार के सभी सदस्यों की सहमति मिलने के उपरांत शाइन इंडिया फाउंडेशन की टीम के द्वारा सहभोज कार्यक्रम में नेत्रदान संकल्प शिविर का आयोजन किया गया।

जिसमें राजकुमार गुप्ता, उनकी पत्नि अर्चना माहेश्वरी सहित, दोनों बेटों विनीत, सुमित, बहुओं प्रीति और पूनम और पारिवारिक सदस्य रोहित पंचोली ने भी अपने नेत्रदान के संकल्प पत्र भरे।

# विधायक ने किया अदालत परिसर में नवनिर्मित टीन शेड का लोकार्पण



विधायक अशोक डोगरा ने फीता काटकर नवनिर्मित टीनशेड का उद्घाटन किया।

**बूंदी**। अभिभाषक परिषद के अध्यक्ष आनंद सिंह नरूका ने बताया कि अधिवक्ताओं की बैठने की समस्या को देखते हुए विधायक कोष से निर्मित नवनिर्मित टीन शेड का लोकार्पण मंगलवार को विधायक अशोक डोगरा के कर कमलों द्वारा किया गया।लोकार्पण के पश्चात अभिभाषक परिषद के सभागार भवन में विधायक अशोक डोगरा का सम्मान किया गया। अभिभाषक परिषद की कार्यकारिणी ने साफा पहनाकर गुलदस्ता भेंट कर विधायक अशोक डोगरा का स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम में परिषद के अध्यक्ष आनंद सिंह नरूका ने विधायक अशोक डोगरा द्वारा समय-समय पर अदालत परिसर व अभिभाषक परिषद में दिए गए सहयोग के बारे में जानकारी दी। इसके पश्चात कार्यकारिणी ने विधायक अशोक डोगरा को मोमेंटो देकर धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन परिषद के सचिव मुकेश कुमार शर्मा ने किया। लोकार्पण व स्वागत कार्यक्रम में सहसचिव अरविंद सिंह व मुकेश जोशी अधिवक्ता राजकुमार दाधिच, रवि शर्मा ,संजय शर्मा ,भूपेंद्र सक्सेना ,सुनील गौतम, अशोक मीणा ,कौशल किशोर, कमलेश त्रिपाठी ,अमित निंबार्क ,संजय शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

**बूंदी** । नैनवा में कुछ दिनों पूर्व वृद्धा के साथ हुए पैर काटकर हुई लूट की घटनाक्रम के आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से माली समाज का मंगलवार को रोष फूट पड़ा । पूर्व घोषित कार्यक्रम अनुसार माली समाज के लोग हायर सेकेंडरी स्कूल में एकत्रित होकर जुलूस के रूप में नारेबाजी करते हुए जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे जहां पर जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया । ज्ञापन में बताया कि गत दिनों नैनवां में कीरो का झोपड़ा निवासी वृद्धा के साथ पैर काटकर लूट की घटना हुई है। लेकिन पुलिस प्रशासन द्वारा अभी तक भी आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया। इससे संपूर्ण माली समाज में भारी रोष व्याप्त है । ज्ञापन में लिखा कि नैनवा में हुए घटनाक्रम काशीघ्र खुलासा नहीं किया गया तो माली समाज द्वारा उठा आंदोलन किया जाएगा जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी । इस दौरान भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रतिनिधि रुपेश शर्मा, सैनी महापंचायत जिला अध्यक्ष रामलाल सैनी, नैनवा के पूर्व चेयरमैन पुखराज, पार्षद राकेश पुटरा, माया सुमन, मोना सुमन, मथुरा देवी, रिया सुमन सहित बड़ी संख्या में समाज बंधु मौजूद रहे।

# बाढ़ पीड़ितों के लिए सहायता राशि जारी

**कोटा**, (निसं)। जिले में अतिवर्षा के कारण आवासीय क्षेत्रों में हुए नुकसान का सर्वे करवाकर प्रभावित परिवारों को सहायता राशि जारी करने का कार्य शुरू कर दिया गया है। पीपल्दा तहसील में 207 आवासों एवं 4 केटलशेड में क्षति होने पर 93 लाख 70 हजार रूपये की सहायता राशि स्वीकृत की है।

जिला कलक्टर ओपी बुनकर ने बताया कि जिले में अधिक वर्षा के कारण आवासीय क्षेत्रों में बाढ़ की स्थिति से कच्चे-पक्के मकानों को नुकसान हुआ था। उन्होंने बताया कि पीपल्दा तहसील में सर्वे कराकर तहसीलदार की रिपोर्ट के आधार पर प्रभावित परिवारों को सहायता राशि स्वीकृत कर सीधे खातों में जमा कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा प्रभावित परिवारों के निरंतर सम्पर्क में रहकर सहायता उपलब्ध कराने का कार्य लगातार जारी रहेगा। जिला कलक्टर ने बताया कि तहसील पीपल्दा में 67 कच्चे मकानों आंशिक क्षति होने के कारण प्रभावित परिवारों को 2 लाख 14 हजार 400 रूपये तथा 23 पक्के मकान में आंशिक क्षति होने पर एक लाख 19 हजार 600 की सहायता राशि स्वीकृत की है। उन्होंने बताया कि सर्वे में 94 कच्चे मकानों के पूर्ण क्षतिग्रस्त पाए जाने पर 89 लाख 39 हजार 400 रूपये एवं 14 झोंपड़ियों के पूर्ण क्षतिग्रस्त पाए जाने पर प्रभावित परिवारों को 57 हजार 400 रूपये की सहायता राशि स्वीकृत की है। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार 4 केटलशेड में क्षति होने के कारण प्रभावित परिवारों को 8 हजार 400 रूपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है तथा 9 कच्चे व पक्के मकानों में आंशिक क्षति होने पर 30 हजार 800 रूपये सहायता राशि स्वीकृत की है। इस प्रकार सर्वे रिपोर्ट के आधार पर 93 लाख 70 हजार रूपये की सहायता राशि एसडीआरएफ नियमों के तहत कुल 383 आवासों के लिए स्वीकृत कर जारी की गई है।

## छात्रों को वन्यजीवों की जानकारी दी

**कोटा**, (निसं)। अभेड़ा बॉयलोकिल पार्क में अर्जुन क्लासेज के छात्रों को वन्यजीवों के जानकारों ने वन्यजीवों के बारे में जनकारी दी। बाघ मित्र एवं अर्जुन क्लासेज के निर्देशक मुकेश सुमन एवं वन विभाग के बुद्धाराम जाट ने छात्रों को भेड़िया, लेपर्ड, चिंकारा, जरख, नील गायों, काले हिरणों आदि की प्रकृति के बारे में विस्तार से बताया। अर्जुन क्लासेज के निर्देशक मुकेश सुमन ने बताया कि वन्यजीवों और वनस्पतियां हमारे जीवन में संतुलन का काम करती है।

इनकी मौजूदगी जल, जंगल, जमीन को बचाने में है। प्राकृतिक संतुलन गड़बड़ाने पर धरती का तापमान बढ़ जाता है और धरती को बुखार आ जाता है। जिस प्रकार इंसान का स्वास्थ्य गड़बड़ाने पर वह कमजोर हो जाता है और अंत में मृत्यु को प्राप्त होता है। इसी प्रकार धरती का स्वास्थ्य भी जंगल और जंगली जीवों से संतुलित रहता है। छात्रों ने वन्यजीवों की अठखेलियों को निकट से निहारा।

# विद्यार्थियों का दूसरे दिन भी प्रदर्शन

- बीईईओ ने मौके पर पहुंच समझाईश की, धरना समाप्त
- 3 घंटे तक फलिया-धींगराडी मार्ग जाम रहा
- 5 घंटे स्कूल में ताला लगा कर धरना प्रदर्शन किया

**छबड़ा** । फलिया के सीनियर विद्यालय में छात्र-छात्राओ ने मंगलवार को दूसरे दिन भी पांच घंटे स्कूल के समक्ष धरना प्रदर्शन किया और 3 घंटे तक फलिया-धींगराड़ी मार्ग पर जाम लगाया। जिसका ग्रामीणो ने भी समर्थन किया।

फलिया सरपंच शिवनारायण लोधा ने बताया कि अध्यापकों की कमी से षिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा हैं। यहां 510 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं और शिक्षको के 21 पद स्वीकृत हैं, परंतु लंबे समय से अधिकांश पद रिक्त चल रहे हैं। यहां कार्यरत षिक्षको का लगातार स्थानांतरण हो रहा हैं। इससे विद्यार्थी आक्रोषित हैं।

इसके विरोध स्वरूप सोमवार को भी विद्यार्थियो ने स्कूल में तालाबंदी कर 3 घंटे प्रदर्शन किया था। मंगलवार को भी सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक लगातार 5 घंटे स्कूल में ताला लगा कर धरना प्रदर्शन किया। मौके पर सीबी ओ दिनेश भार्गव पहुंचे और उनके आश्वासन व सरपंच लोधा द्वारा समझाइश के बाद धरना प्रदर्शन समाप्त हुआ। धरना प्रदर्शन में घुमन सिंह, रामभरोस, राजकुमार राव, मुरारी, लाखन, प्रदीपए राहुल, हेमंत, गुलाब सिंह, जितेंद्र लोधा आदि मौजूद रहे।

## 40 लीटर अवैध शराब बरामद की

**छबड़ा**, (निसं)। आबकारी व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने बुधवार को लक्ष्मीपुरा गांव में दबिश देकर शराब बनाने की भट्टियां व वॉश नष्ट कर 40 लीटर अवैध हथकढ़ शराब बरामद की।

प्रहराधिकारी मदनलाल मीणा ने बताया कि जिला आबकारी अधिकारी तपेशचंद जैन, डीएसपी पूजा नागर के निर्देशन में सीआई राजेश मीणा, कोटा उत्तर प्रहराधिकारी गुलाब नबी, कोटा दक्षिण प्रहराधिकारी हेमराज जाटव, प्रहराधिकारी बारां प्रमोद कुशवाह सहित आबकारी निरोधक दल के सिपाही रामदयाल नागर, जगदीश प्रसाद गौड़, जगदीश नागर, रूजदार खां, बृजमोहन, सत्यनारायण मीणा आदि ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए दो साधारण व दो महत्वपूर्ण अभियोग दर्ज कर यहां से 40 लीटर नाजायज हथकढ़ शराब बरामद की और शराब बनाने की 15 भट्टी व साढ़े 8 हजार लीटर वॉश नष्ट की। इससे पहले भी पुलिस दल ने कई कार्रवाई की है। जिससे अवैध शराब पर कुछ हद तक अंकुश लग सका है।

# मिड-डे मील की व्यवस्थाएं जांची

**छबड़ा**। प्राथमिक विद्यालय हनुवतखेड़ा तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय शंकर कॉलोनी का बीईईओ कार्यालय के संदर्भ व्यक्ति ने मिड-डे मील को लेकर सघन निरीक्षण किया गया। संदर्भ व्यक्ति शंकरलाल नागर के अनुसार निरीक्षण के दौरान भोजन की गुणवत्ता एवं पर्यवेक्षण व्यवस्था, भौतिक सुविधाएं, कुक कम हेल्पर मानदेय, विद्यालय में 1 फरवरी से 8 मार्च 2022 तक खाद्य सुरक्षा भत्ते के रूप में वितरित खाद्यान्न की स्थिति आदि की जांच की। दोनो विद्यालयो की सभी व्यवस्थाएं संतोषप्रद पाई गई। हनुवतखेड़ा में रसो घर निर्माणाधीन है, जिसे प्रधानाध्यापक को शीघ्र कार्य पूर्ण करने को कहा गया।

## शिक्षक ने दो पंखे भेंट किए

**छबडा**, (निसं)। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय मोरेला में शिक्षक ने दो पंखे भेंट किए।

प्रधानाध्यापक महावीर प्रसाद मेहरा ने बताया कि शिक्षक धर्मराज मेघवाल ने जब बच्चों को गर्मी से परेशान होते हुए देखा तो उन्होंने स्वयं स्तर पर दो पंखे लगवाए। जिससे विद्यार्थियो को गर्मी से राहत मिली। इस पर विद्यालय स्टॉफ ने उनका आभार व्यक्त किया।

**नाम परिवर्तन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि संदीप नागर पुत्र हरनारायण नागर स्कूल रिकार्ड एवं अन्य सरकारी दस्तावेजों में नाम दर्ज हो गया था। मेरे पिता हरनारायण नागर के स्थान पर अब हेमराज नागर करवाना चाहता हूं। भविष्य में मेरे पिता को हेमराज नागर के नाम से ही जाना व पहचाना जावे।

पता:संदीप नागर पुत्र हेमराज नागर जाति धाकड़ निवासी ग्राम कडैयावन तहसील छबड़ा जिला बारां (राज.)

**न्यायालय अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश छबड़ा**

पीठासीन अधिकारी सुश्री प्रीति नायक, आर.एच.जे.एस.

उत्तराधिकार प्रमाण पत्र,
प्रकरण संख्या 54/2022

रामचरण आयु 52 वर्ष पुत्र बिशनलाल जाति सहरिया निवासी बोरदा पोस्ट बिलेंडी तहसील छीपाबड़ौद जिला बारां (राज.) ....प्रार्थी

बनाम

सर्व साधारण ....अप्रार्थी

प्रार्थना पत्र बाबत् उत्तराधिकार प्रमाण पत्र

वास्ते, सर्व साधारण,

जो कि मृतक श्रीमती भंवरबाई उर्फ भंवरीबाई पत्नी बिशनलाल जाति सहरिया निवासी बोरदा पोस्ट बिलेंडी तहसील छीपाबड़ौद जिला बारां (राज.) की मृत्यु दिनांक 18.04.2022 को बमुकाम बोरदा तहसील छीपाबड़ौद जिला बारां में हो चुकी है। मृतक भंवरीबाई के प्रार्थी के अतिरिक्त 1. बद्रीलाल आयु 45 वर्ष पुत्र बिशनलाल जाति सहरिया निवासी रैगर बस्ती बोरदा पोस्ट बिलेंडी तहसील छीपाबड़ौद जिला बारां (राज.) 2. काली बाई आयु 54 वर्ष पुत्री बिशनलाल पत्नी बाबूलाल जाति सहरिया निवासी कनोटिया कटावर तहसील अटरु जिला बारां (राज.) 3. कांतिबाई आयु 63 वर्ष पुत्री बिशनलाल पत्नी रमेश जाति सहरिया निवासी सोजपुर वार्ड नंबर 3 स्कूल के पास जिला झालावाड़ (राज.) 4. रामकन्याबाई आयु 49 वर्ष पुत्री बिशनलाल पत्नी रामचरण जाति सहरिया निवासी तेल फेक्ट्री के पीछे राजीव गांधी कालोनी वार्ड नंबर 4 बारां जिला बारां (राज.) 5. द्वारकीबाई आयु 59 वर्ष पुत्री बिशनलाल पत्नी पप्पूलाल जाति सहरिया निवासी ग्राम कनोटिया कटावर तहसील छबड़ा जिला बारां (राज.)

विधिक उत्तराधिकारी है। इनके अलावा/ अतिरिक्त अन्य कोई उत्तराधिकारी एवं नजदीकी रिश्तेदार नहीं है।

मृतक भंवरबाई उर्फ भंवरीबाई की डूब क्षेत्र की मुआवजा राशि 5,86,000/-रुपये अक्षरे पांच लाख छियासी हजार रुपये प्राप्त करने के लिए प्रार्थी ने उत्तराधिकारी हेतु इस न्यायालय में प्रार्थना पत्र पेश किया है।

अत: इस सूचना पत्र द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि डूब क्षेत्र की मुआवजा राशि प्रार्थी को दिए जाने के लिए उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किए जाने में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो, वह दिनांक 06.10.22 समय 10 ए.एम. पर इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश करें

दिनांक 3.8.22 को मेरे हस्ताक्षर एवं मुद्रा से प्रसारित किया गया।

मोहर अदालत अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश छबड़ा

## एसडीएम को ज्ञापन दिया

**छबड़ा**, (निसं)। उपखंड क्षेत्र के गांव अभी-भी मूलभूत सुविधाओं से जूझ रहे हैं एवं बदहाल षिक्षण व्यवस्था से षिक्षा प्रभावित हो रही हैं। मंगलवार को भीलवाड़ानीचा सरपंच के नेतृत्व में ग्रामीणो ने एसडीएम को जिला कलैक्टर के नाम ग्यारह सूत्रीय मांगो का ज्ञापन सौंपा। समस्याओ का समाधान नही होने पर आगामी सोमवार से उपखंड कार्यालय के सामने धरना-प्रदर्षन व मंगलवार से अनिष्चितकालीन धरना दिए जाने की चेतावनी दी।

पूर्व सरपंच राधेष्याम मीणा ने बताया कि सरपंच रानीबाई मीणा के नेतृत्व में उपसरपंच चंदाबाई, वार्ड पंच नरेष बैरवा, रूपसिंह मीणा आदि द्वारा दिए ज्ञापन में यहां के विद्यालय मे हो रहे अतिक्रमण को हटवाने, माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाचार्य सहित व्याख्याताओ के रिक्त 12 पदो को षीघ्र भरवाए जाने, ग्राम पंचायत के सभी जीर्णषीर्ण विद्यालय भवनो का पुनः निर्माण करवाए जाने, जर्जर उपस्वास्थ्य केंद्र की मरम्मत करवाए जाने, घट्टा व कादरपुरा में मुक्तिधाम बनवाने व भीलवाड़ा नीचा एवं घट्टी के मुक्तिधामो को दुरूस्त करवाऐ जाने, कीचड़युक्त स्कूल के खेल मैदान की समस्या का दूर करवाने की मांग की।

# विहार पर निकले बूंदी के आराध्य देव

**बूंदी**। बूंदी के आराध्य श्री रंगनाथ भगवान व श्री गोविंदा नाथ श्री पीतांबर जी ने जलझूलनी एकादशी डोल यात्रा के अवसर पर शहर में भ्रमण कर भक्तजनों श्रद्धालुओं एवं दर्शनार्थियों को दर्शन दिए। श्री रंगनाथ सेवा समिति के अध्यक्ष पुरुषोत्तम पारीक ने बताया की वर्षों से चली आ रही परंपरा के अनुरूप मंगलवार शाम को महाराव राजा वंश वर्धन सिंह, जिला कलेक्टर डॉ रविंद्र गोस्वामी,सभापति श्रीमती मधु नुवाल सहित गणमान्य नागरिकों ने पूजा अर्चना कर पंडित ओम प्रकाश शर्मा ,पंडित रघुनंदन, राज मुखिया पंडित मुकेश शर्मा ,पंडित मधुसूदन शर्मा सहित सरस्वती भंडार के पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोचार के बीच पूजा अर्चना कर आरती उतार कर डोल यात्रा में भगवान श्री रंगनाथ ,श्री गोविंदा नाथ व श्री पीतांबर जी शहर में श्रद्धालु भक्तजनों एवं दर्शनार्थियों को दर्शन देने हेतु शहर के भ्रमण पर निकले। यह डोल यात्रा बुलबुल का चबूतरे से होते हुए ,तिलक चौक, सदर बाजार, चौमुखा बाजार से निकलती हुई कागदी देवरा ,उपरला बाजार से होती हुई रामबाग स्थित राम घाट पर पहुंची। शहर में बुलबुल के चबूतरे पर लक्ष्मी नाथ के मंदिर, जगदीश के मंदिर, श्री चारभुजा नाथ मंदिर, श्री राव भावसिंह जी पर आरती उतार कर। श्री कल्याण भगवान ,श्री त्रिनेत्र गणेश जी पर महाराव राजा वंश वर्धन सिंह जी ने आरती उतारी ।सेठ जी के चौक पर मान्यता प्राप्त आरती वाले जो जोधपुर में निवास करते हैं उन्होंने बूंदी आकर आरती की।सेठ जी के चौक में राजाओं के राज के समय से चले आ रहे नगर सेठ राजकुमार कासलीवाल ने भी आरती उतारी। भगवान के भ्रमण में डोल यात्रा के साथ साथ बूंदी के कई ठिकाने दार श्री रंगनाथ सेवा समिति के पदाधिकारी,अजय नुवाल, पूर्व पार्षद विजय शंकर ट्रेलर सहित गणमान्य नागरिक साथ साथ चल रहे थे। डोल यात्रा की पूरी व्यवस्था देवस्थान विभाग के निरीक्षक आशुतोष गुप्ता, मैनेजर राम सिंह सहित विभाग के कर्मचारियों ने संभाल रखी थी। राम घाट पर महाराव राजा वंश वर्धन सिंह एवं राजपुरोहित राजेश शर्मा ने भगवान को स्नान करवाकर पूजा अर्चना कर आरती उतारी। इसके पश्चात डोल यात्रा श्री रंगनाथ मंदिर पहुंचकर पंडितों द्वारा आरती उतार कर प्रसाद वितरण किया गया।

## पिता को सद्मार्ग पर लाना पुत्र का कर्त्तव्य

**कोटा**, (निसं)। दादाबाड़ी छोटा चौराहा स्थित गौतम वाटिका में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कथा वाचक युवराज स्वामी माधव प्रपन्नाचार्य महाराज द्वारा भागवत ज्ञान उपलब्ध कराया जा रहा है। मंगलवार को भागवत कथा के दौरान भक्त प्रहलाद चरित्र का वर्णन करते हुए कथावाचक माधव प्रपन्नाचार्य महाराज ने कहा कि भागवत कथा में प्रहलाद चरित्र पुत्र एवं पिता के संबंध को प्रदर्शित करता है और बताता है कि यदि भक्त सच्चा हो तो विपरीत परिस्थितियों मे भी उसे भगवान की भक्ति से विमुख नहीं कर सकता।

भयानक राक्षस प्रवृत्ति के हिरण्यकश्यप जैसे पिता को प्राप्त करने के बावजूद भी प्रहलाद ने अपनी ईश्वर भक्ति नहीं छोड़ी और सच्चे अर्थों में कहा जाए तो प्रहलाद द्वारा अपने पुत्र होने का दायित्व भी निभाया गया। उन्होंने कहा कि पुत्र का यह सर्वोपरि दायित्व है कि यदि उसका पिता कुमार्गगामी और दुष्ट प्रवृत्ति का हो तो उसे भी सुमार्ग पर लाने के लिए सदैव प्रयास करने चाहिए। प्रहलाद ने बिना भय के हिरण्यकश्यप के यहां रहते हुए ईश्वर की सत्ता को स्वीकार किया।

# लड्डू गोपालजी को कंधों पर लेकर नगर भ्रमण कराया

**रावतभाटा**, (निस)। रावतभाटा उपखण्ड क्षेत्र के ग्रामीण अंचल एंव नगर में मंगलवार को जलझूलनी एकादशी पर देवविमान की भव्य शोभायात्रा धूमधाम के साथ निकाली गई। इस अवसर पर महिलाओं द्वारा कलश यात्रा भी निकाली गई। जलझुलनी एकादशी के अवसर पर अपरान्ह 3 बजे मंदिर में भगवान के बाल स्वरूप लड्डुगोपाल की मूर्ति पर पुष्पमालाएं पहना कर कंधों पर लेकर मन्दिर के इस ओसरे के प्रमुख पुजारी और अन्य पुजारीगण अपने कन्धों से मन्दिर के बाहर लाये और मन्दिर के बाहर चौक में प्रतीक्षारत सुसज्जित रथ पर आरूढ़ किया।

डोल ग्यारस के अवसर पर सबसे पुराने मंदिर श्री अनोखेराज हनुमान मंदिर पर मंगलवार को भगवान श्री कृश्ण ठाकुर जी के देव विमान सजाकर शोभायात्रा निकाली गई। दर्षनों की उत्सुकता से वषीभूत होकर भक्तजनों ने 'हाथी घोडा पालकी, जै कन्हैया लाल की' आदि के जयकारें लगाए। जयकारों के स्वर से समूचा परिवेष गुंजायमान हो उठा। कुछ ही पल बाद भगवान की स्वर्ण पालकी मंदिर की सीढियों से होते हुए चौक की ओर बढती दिखी तो वंहा मौजूद हर एक भक्तजन भगवान चतुर्भुज के स्वरूप को एक पल निहारने के लिए आतुर हो उठा। पीछे बैंडबाजे भक्तिगीतों की स्वर लहरियां बिखेरते चल रहे थे। उनके पीछे पारम्परिक वेषभूशा में पुजारी चल रहे थे। पुजारी के हाथों में चांदी की छडिया, गोटे, तलवारे, भाले आदि लिए पालकी के आगे भगवान की सेवा में खम्माघणी करते हुए चल रहे थे।



चारभुजा झालरबावड़ी स्थित श्री चारभुजा जी नाथ की बेवाण निकाली गई।